Nai Dunia (Indore), 3rd December 2021, Page-07

# हाइड्रोजन फ्यूल के उपयोग पर कोर्स करा रहा आइआइटी इंदौर

इंदौर। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में यूज आफ हाइड्रोजन फ्यूचर फ्यूल विषय पर पांच दिनी शार्ट टर्म कोर्स कराया जाएगा। इसकी शुरुआत 20 दिसंबर को होगी। इसमें हाइड्रोजन का उपयोग वाहनों में कैसे हो सकेगा, इस पर विस्तार से बात होगी। कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया 19 दिसंबर तक चलेगी। इसके लिए आइआइटी की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करना होगा। कार्यक्रम आनलाइन माध्यम से होगा। कोर्स में प्रवेश लेने वाले प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसमें बीटेक, एमएससी, एमटेक और पीएचडी करने वाले प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध करने वाले भी आवेदन कर सकते हैं। कोर्स में प्रतिभागियों को पढ़ाने के लिए दो विशेष प्रोफेसर शामिल होंगे।